भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2610

जिसका उत्तर दिनांक 10.03.2021 को दिया जाना है

यूरेनियम उत्पादन

2610. श्री हंसमुखभाई एस. पटेल :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परमाणु विद्युत संयंत्रों के लिए ईंधन के लिए यूरेनियम की आवश्यकता को पूरा करने हेतु सरकार की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा यूरेनियम उत्पादन का लक्ष्य कब तक प्राप्त किए जाने की संभावना है; और

(ग) देश में उपलब्ध यूरेनियम संयंत्रों की संख्या की ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) ने नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की ईंधन आपूर्ति के लिए डीएई की यूरेनियम आवश्यकता के अनुसार एक विजन दस्तावेज तैयार किया है । इस दस्तावेज में, यूरेनियम उत्पादन में पर्याप्त बढ़ोत्तरी का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अगले पंद्रह (15) वर्षों की समय-सीमा तैयार की गई है ।

(ग) वर्तमान में, झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में दो यूरेनियम अयस्क प्रसंस्करण संयंत्र और एक आंध्र प्रदेश के वाईएसआर जिले में है ।

* * * * *